# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR
## PIN-842001 (BIHAR)
Website:-www.brabu.net

Ref:.................... Date:.........................


## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (31.05.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:31.05.2025, PAGE-08**

### छात्रों को स्थानीय स्तर पर रोजगार मुहैया कराने की कवायद

# अपने इलाके के उद्योगों से जुड़ेंगे विश्वविद्यालय

**निर्देश**

**मुजफ्फरपुर, प्रसं।** बीआरएबीयू समेत सभी विश्वविद्यालय अपने क्षेत्र में चलने वाले उद्योगों से जुड़ेंगे। केंद्रीय श्रम व रोजगार मंत्रालय के संयुक्त सचिव अजय शर्मा ने इस बारे में विश्वविद्यालयों को पत्र भेजा है।

छात्रों को पढ़ाई के बाद स्थानीय स्तर पर रोजगार मुहैया कराने के लिए यह कवायद की जा रही है। पत्र आने के बाद बीआरएबीयू मुजफ्फरपुर में चलने वाले उद्योगों से संपर्क करने जा रहा है। बीआरएबीयू डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह का कहना है कि श्रम व रोजगार मंत्रालय का पत्र मिला है। इस बारे में कुलपति से विचार किया जायेगा। जिले में बड़े उद्योगपति हैं। उनसे संपर्क कर बीआरएबीयू को उद्योगों से जोड़ने का काम किया जायेगा।

**एजुकेशन टू इंप्लायमेंट योजना के तहत कवायद:** केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय विश्वविद्यालयों में एजुकेशन टू इंप्लायमेंट योजना के तहत विश्वविद्यालयों को उद्योगों से जोड़ने की कवायद कर रहा है। मंत्रालय के संयुक्त सचिव ने विश्वविद्यालयों को भेजे पत्र में कहा है कि पीपीपी मॉडल के तहत उद्योग और विवि एक दूसरे से जुड़ेंगे और वहां छात्रों को रोजगार मिलेगा। मंत्रालय ने कहा है कि सभी विश्वविद्यालय इस योजना से जुड़ें।



### विवि और उद्योग करेंगे एमओयू

एजुकेशन टू इंप्लायमेंट योजना के तहत विवि और उनके चुने हुए उद्योगों के बीच एमओयू किया जायेगा। श्रम व रोजगार मंत्रालय के संयुक्त सचिव ने इसका निर्देश अपने पत्र में दिया है। विवि उद्योगों से एमओयू करने के बाद इसकी सूचना मंत्रालय को भेजेगा।

### 15 दिनों में उद्योग से टैग करने को कहा

श्रम रोजगार मंत्रालय के संयुक्त सचिव ने कहा है कि विवि अपने क्षेत्र के उद्योगों से एमओयू कर 15 दिनों में सूचना भेजें। मंत्रालय ने हर हाल में विवि के साथ उद्योग की टैगिंग करने का निर्देश दिया है। टैगिंग के लिए विवि की तरफ से एक प्रस्ताव भी जारी किया जायेगा, जिसमें पहले आओ और पहले पाओ के नियम के आधार पर उद्योगों को चुनने की आजादी होगी। मंत्रालय ने कहा है कि एजुकेशन टू इंप्लायमेंट योजना के तहत विवि में एक करियर लाउंज भी बनाया जायेगा। इस योजना के तहत विश्वविद्यालयों में उद्योग रोजगार मेला भी लगायेगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
## DATE:31.05.2025, PAGE-08

# बीआरएबीयू: वोकेशनल में आवेदन की तारीख बढ़ेगी

**मुजफ्फरपुर।** बीआरएबीयू में वोकेशनल कोर्स में आवेदन की तारीख बढ़ाई जायेगी। पहले आवेदन की अंतिम तारीख 30 मई थी। 30 मई तक 2691 आवेदन आये। सीसीडीसी प्रो. मधु सिंह ने बताया कि कुलपति से आदेश लेने के बाद तारीख बढ़ाने की सूचना जारी कर दी जायेगी। वोकेशनल कोर्स में आवेदन की तारीख 20 जुलाई तक होने की उम्मीद है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 31.05.2025, PAGE-06

# बीआरएबीयू में एजुकेशन टू एंप्लायमेंट करियर लाउंज होगा शुरू, प्लेसमेंट में मिलेगी सुविधा

## छात्रों को मिलेंगे रोजगार के अवसर, करियर काउंसिलिंग से लेकर होगी मेंटरशिप की सुविधा

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में एजुकेशन टू एप्लांयमेंट (ईटूई) करियर लाउंज की शुरुआत होगी। इसमें छात्र-छात्राओं को मेंटरशिप, करियर काउंसिलिंग, रोजगार और करियर विकास कार्यक्रमों और प्लेसमेंट के अवसरों से जोड़ा जाएगा। यह करियर लाउंज छात्रों की क्षमता को बढ़ाने और रोजगार की उभरती मांगों के अनुसार खुद को तैयार करने में सक्षम बनाएगा। इसके लिए श्रम और रोजगार मंत्रालय ने इसकी अवधारणा तैयार की है। साथ ही, इसे लागू करने के लिए बीआरए बिहार विश्विवद्यालय के कुलपति को पत्र भेजा गया है। पीपीपी यानी पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप माडल के तहत इसकी रूपरेखा बनी है। करियर लाउंज की स्थापना के साथ ही विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन, प्लेसमेंट के लिए जरूरी कौशल कार्यक्रम, सीखने के अवसर, मेंटरशिप, नौकरी और राष्ट्रीय कैरियर सेवा से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

- श्रम एवं संसाधन मंत्रालय ने तैयार की अवधारणा, राष्ट्रीय कैरियर सेवा से जुड़ने का मिलेगा अवसर
- पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप माडल के तहत बनी इसकी रूपरेखा करियर बनाने में मिलेगी मदद



### छात्रों को ये होंगे फायदे

- छात्रों में रोजगार क्षमता और कार्यबल की तत्परता बढ़ाना
- छात्रों को व्यावहारिक अनुभव, कैरियर मार्गदर्शन और कैरियर विकास के अवसर प्रदान करके अकादमिक शिक्षा और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच की खाई को पाटना है।
- उद्योग विशेषज्ञों को आमंत्रित कर रोजगार क्षमता संवर्धन कार्यशालाएं और प्रमाणन कार्यक्रम और प्लेसमेंट से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रम होंगे।
- इंटर्नशिप, अप्रेंटिसशिप और आन जाब-ट्रेनिंग की सुविधा होगी उपलब्ध
- छात्रों को भविष्य के कैरियर के बारे में मार्गदर्शन देने के लिए उद्योग परामर्श और कैरियर कोचिंग सत्र।

**पूर्ववर्ती छात्रों को होगा काफी लाभ :** मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि इस कदम से छात्रों और पूर्ववर्ती छात्रों को काफी लाभ होगा। इसके लिए विश्वविद्यालय के स्तर से उद्योगों और एनजीओ से करार किया जाएगा। साथ ही इंडस्ट्री की जरूरतों के अनुसार कोर्स का भी संचालन कराए जाने की योजना है। मंत्रालय ने कहा है कि 15 दिनों के भीतर पार्टनर के रूप में चयनित उद्योग के साथ ईटूंट फार्म भरकर इसकी जानकारी ईमेल से मंत्रालय को देनी है। मंत्रालय ने कहा है कि रोजगार और प्रशिक्षण महानिदेशालय ने छात्रों के करियर विकास और उद्योगों से जुड़ाव के लिए इसकी शुरुआत की है। नेशनल करियर सर्विस के तहत माडल करियर सेंटर की सफलता से प्रेरित होकर इस ईटूई करियर लाउंज को विश्वविद्यालयों तक विस्तारित किया गया है। बीआरएबीयू के डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि निदेशालय के स्तर से ईटूई करियर लाउंज शुरू करने का निर्देश प्राप्त हुआ है।

### विश्वविद्यालय परिसर में दो हजार फुट का स्थान होगा आवंटित

करियर लांज के लिए विश्वविद्यालय परिसर के भीतर कम से कम 2000 वर्ग फुट का स्थान आवंटित किया जा सकता है। इसे छात्रों की गतिविधि वाले स्थानों से जुड़ा होना चाहिए। इसमें बुनियादी आवश्यकता जैसे इंटरनेट कनेक्टिविटी, पावर बैकअप और फर्नीचर की सुविधा उपलब्ध होगी। इसका प्रयोग परामर्श सत्र, कार्यशालाओं और नियोक्ताओं की बैठक के लिए किया जाएगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR

DATE: 31.05.2025, PAGE-06


# जून के प्रथम सप्ताह में नहीं शुरू हो सकेगा स्नातक में नामांकन

- आनलाइन आवेदन की तिथि विस्तारित, अब 10 तक कर सकेंगे आवेदन
- अब तक करीब 1.40 लाख छात्र-छात्राओं ने किया आनलाइन आवेदन

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में जून के प्रथम सप्ताह में स्नातक में नामांकन की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकेगी। दूसरे सप्ताह में ही मेरिट लिस्ट जारी करते हुए अब नामांकन शुरू करने की संभावना है। ऐसे में सत्र 2025-29 के तहत होने वाले नामांकन प्रक्रिया में विलंब होने की आशंका है। विश्वविद्यालय की ओर से स्नातक में नामांकन के लिए आनलाइन आवेदन की तिथि विस्तारित कर दी गई है। अब छात्र-छात्राएं 10 जून तक आवेदन कर सकेंगे। पूर्व में आनलाइन आवेदन की तिथि शुक्रवार तक निर्धारित की गई थी। इस सत्र में स्नातक में नामांकन के लिए आवेदन की गति पिछले वर्ष की तुलना में धीमी है। अब तक करीब 1.40 लाख छात्र-छात्राओं ने आनलाइन आवेदन किया है। कई कालेजों और छात्र-छात्राओं ने तिथि विस्तारित करने का अनुरोध किया था। पिछले वर्ष जून के प्रथम सप्ताह में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। पिछले वर्ष 1.60 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने स्नातक में नामांकन लिया था। डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि 10 जून तक तिथि विस्तारित करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। जल्द ही इस आशय का आदेश जारी हो जाएगा।

**वोकेशनल कोर्स के लिए भी आवेदन तिथि होगी विस्तारित :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के तहत संचालित होने वाले वोकेशनल कोर्स में नामांकन के लिए आनलाइन आवेदन की तिथि भी विस्तारित होगी। अब तक काफी कम संख्या में आवेदन प्राप्त होने और कालेजों की ओर से तिथि विस्तारित करने की मांग के आधार पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसका प्रस्ताव तैयार किया है। बताया जा रहा है कि आवेदन के लिए अब 20 जून तक मौका दिया जा सकता है। शनिवार को इसकी अधिसूचना जारी हो जाएगी। एलएनडी कालेज मोतिहारी, एमडीडीएम कालेज मुजफ्फरपुर, एलएस कालेज, आरडीएस कालेज समेत कई जिलों के कालेजों ने आनलाइन आवेदन की तिथि विस्तारित करने की मांग की है। पूर्व में शुक्रवार तक आवेदन की तिथि निर्धारित थी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:.....................** **Date:..........................**


**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:31.05.2025, PAGE-04**

### डेढ़ लाख विद्यार्थियों ने पोर्टल पर किया है ऑनलाइन आवेदन

# स्नातक में दाखिले के लिए 10 तक आवेदन की बढ़ायी गयी तिथि

- बिहार बोर्ड व सीबीएसइ की ओर से अबतक विद्यार्थियों को नहीं दिया गया है अंकपत्र

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू ने स्नातक सत्र 2025-29 में दाखिले के लिए आवेदन की तिथि विस्तारित कर दी है. अब 10 जून तक विद्यार्थी विश्वविद्यालय के पोर्टल पर आवेदन कर सकेंगे. पूर्व निर्धारित शेड्यूल के अनुसार शुक्रवार को आवेदन की अंतिम तिथि थी, लेकिन पिछले वर्ष से कम आवेदन होने व बिहार बोर्ड व सीबीएसइ की ओर से अंकपत्र नहीं दिए जाने के कारण नामांकन में परेशानी को देखते हुए विवि ने यह निर्णय लिया है. कहा गया है कि नामांकन के लिए पहली मेधा सुची जून के दूसरे सप्ताह में जारी हो सकती है. जून के अंत तक नामांकन की प्रक्रिया पूरा करने का भी लक्ष्य रखा गया है. जुलाई से स्नातक की कक्षाएं शुरू होनी हैं. स्नातक में करीब तीन लाख सीटों पर दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया चल रही है. पिछले वर्ष स्नातक में 1.60 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने दाखिला लिया था. ऐसे में इसबार आवेदन की संख्या कम होने पर विश्वविद्यालय ने आवेदन की तिथि आगे बढ़ाई है.

**वोकेशनल कोर्स के लिए भी 25 दिनों का और मिल सकता मौका :** बीआरएबीयू के विभिन्न कालेजों में संचालित डेढ़ दर्जन वोकेशनल कोर्स में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन को लेकर करीब 25 दिनों का और मौका मिल सकता है. कॉलेजों की ओर से तिथि बढ़ाने के लिए दिए गए आवेदन के बाद सीसीडीसी कार्यालय से इसका प्रस्ताव तैयार किया गया है. कहा गया है कि कम समय मिलने के कारण बड़ी संख्या में विद्यार्थी आवेदन नहीं कर सके हैं. आवेदन का पैटर्न भी बदला है. विश्वविद्यालय पहली बार केंद्रीकृत तरीके से आवेदन ले रही है. इस कारण छूटे हुए विद्यार्थियों को मौका देने के लिए तिथि विस्तारित करने की मांग की गयी.

बता दें कि वोकेशनल कोर्स में नए सत्र में प्रवेश परीक्षा के आधार पर नामांकन लिया जाना है. साथ ही कई वोकेशनल कोर्स के लिए कुल सीटों का 10 प्रतिशत भी आवेदन नहीं आया है. इस कोर्स का संचालन सेल्फ फाइनेंस मोड में होता है. ऐसे में कम नामांकन होने पर कक्षाओं के संचालन पर भी संकट हो सकता है. ऐसे में आवेदन की संख्या काफी कम होने को भी देखते हुए 25 दिन आवेदन की तिथि विस्तारित करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है. कुलपति की स्वीकृति के बाद शनिवार को इसकी अधिसूचना जारी हो सकती है.

### 30 मई तक कोर्स वार आवेदन की स्थिति

- बीबीए- 500
- बीसीए- 1195
- टीडीसी बायोटेक- 77
- बीलिस- 294
- बीएमसी- 6
- टीडीसी सीएनडी- 28
- टीडीसी आईएफएफ- 43
- टीडीसी आईएमबी- 49
- टीडीसी इंडस्ट्रियल केमिस्ट्री- 7
- एमएससी फिश एंड फिशरीज- 44
- एमबीए- 53
- एमसीए- 111
- पीजीडीसीए- 206
- पीजीडीवाईएस- 78
- कुल- 2691

## अपार रजिस्ट्रेशन अनिवार्य बिना इसके पेपर न दे पायेंगे

- परीक्षा फॉर्म भरने में अपार आइडी जरूरी

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू के पीजी विभागों व कॉलेजों में पढ़ रहे विद्यार्थियों के लिए अपार आइडी अनिवार्य कर दी गयी है. इसके बिना परीक्षा नहीं दे सकेंगे.स्नातक सत्र 2022-25 के तृतीय वर्ष की परीक्षा के लिए फॉर्म भरा जायेगा. इसकी अधिसूचना जारी हुई है. कहा है कि फॉर्म भरने में अपार आइडी का विकल्प रहेगा. बिना उसे भरे फॉर्म सब्मिट नहीं हो सकता है. ऐसे में फॉर्म भरने से पहले अपार आइडी बना लें. छह जून तक विभागों में फॉर्म भरा जायेगा. इसके बाद 9 से 13 जून तक 200 रुपये विलंब शुल्क के साथ फॉर्म भर सकते हैं.

**अगले महीने से होंगे पेपर :** अगले माह इसकी परीक्षा होनी है, जबकि सितंबर में रिजल्ट आ जायेगा. कॉलेजों में प्रोविजनल फॉर्म भेजा गया है. कहा गया है कि वे फॉर्म डाउनलोड कर विद्यार्थियों को उपलब्ध करा दें. इसमें यदि कोई सुधार करना हो तो उसे कलम से सुधार कर चालान जमा कराएं. कॉलेजों को कहा गया है कि विद्यार्थियों का परीक्षा शुल्क व विवरण समय से एडमिट कार्ड सेक्शन में जमा करा दें. फीस का सत्यापन होने के बाद ही एडमिट कार्ड जारी होगा.